6 राज्य • 2 केंद्रशासित प्रदेश • 22 संस्करण

महानगर वर्ष 57 | अंक 248 | पृष्ठ : 24 | मूल्य : सात रुपये

# अमर उजाला

शारदीय नवरात्र...मां चंद्रघंटा ...पेज 2

बरेली | बुधवार, 24 सितंबर 2025 आश्विन शुक्ल-तृतीया • विक्रम

PAGE NO. 10: BOTTOM

## लगातार दूसरी जीत के बाद एसआरएमएस सेमीफाइनल में



लाखन को मिला मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार। स्रोत : संस्था

बरेली। कैंट स्थित रविंद्र नाथ अकादमी में अकादमी की ओर से अंडर 16 रविंद्र नाथ टैगोर कप का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को एसआरएमएस की टीम ने शर्मा क्रिकेट अकादमी को 38 रनों से हराकर दूसरी जीत के साथ सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

एसआरएमएस की टीम का मुकाबला शर्मा क्रिकेट अकादमी से हुआ। टॉस जीतकर एसआरएमएस की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 140 रन बनाए। बल्लेबाज टीम से सर्वाधिक रन संचित ने 38 व सचिन ने 31 रन बनाए। गेंदबाजी में शर्मा क्रिकेट अकादमी के कौशल ने 3 व राजदीप ने 2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी शर्मा क्रिकेट अकादमी 102 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। जिसमें हितेश ने सर्वाधिक रन 46 बनाए। एसआरएमएस के गेंदबाजों में लाखन ने 3 विकेट, हर्ष व युवराज ने दो-दो विकेट लिए। प्रतियोगिता में आज का मैन ऑफ द मैच लाखन मेहता रहे। गेम चेंजर का खिताब शर्मा क्रिकेट अकादमी के हितेश को दिया गया। इस अवसर पर मनीष सिंह ने बताया बुधवार को शर्मा क्रिकेट अकादमी और चौधरी क्रिकेट अकादमी के बीच खेला जाएगा। संवाद